प्रभात खबर



अररिया में नकली खाद-बीज के गोदाम पर छापा, यूरिया में रेड ऑक्साइड और नमक मिलाकर बना रहे थे पोटाश

अररिया. किसानों को नकली खाद और बीज बेचने के मामले में कृषि विभाग ने गैयारी पंचायत में बड़ी कार्रवाई की है. नगर थाना क्षेत्र के गैयारी पंचायत के वार्ड संख्या-03 में चल रहे कथित अवैध गोदाम पर गुरुवार शाम करीब 5 बजे छापेमारी की गई. अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने चार से पांच घंटे तक जांच की. इस दौरान भारी मात्रा में मिलावटी खाद और नकली बीज बरामद किए गए. अधिकारियों के अनुसार, सस्ते यूरिया में लाल रंग का रेड ऑक्साइड और नमक मिलाकर उसे महंगे पोटाश के रूप में पैक किया जा रहा था.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/araria/araria-fake-fertilizer-seeds-raid-gaiyari